# संस्कारित मनुष्य ही देश और समाज का भला कर सकता है : सिद्धि कुमारी




जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित जाम्भाणी साहित्य अकादमी भवन में बाल संस्कार शिविर के समापन समारोह को विधायक सिद्धि कुमारी ने संबोधित किया।

- समाज के भामाशाहों से मुकाम में निर्माणाधीन जाम्भाणी साहित्य सदन मुकाम के लिए आर्थिक सहयोग की अपील की
- देशभर से जाम्भाणी साहित्य अकादमी के सदस्य, भामाशाह और साहित्यकारों ने भाग लिया

**बीकानेर,** (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित जाम्भाणी साहित्य अकादमी भवन में आयोजित बाल संस्कार शिविर के समापन समारोह में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायिका सिद्धि कुमारी ने जाम्भाणी साहित्य अकादमी के संस्कार शिविरों को वर्तमान समय के नैतिक उत्थान हेतु जरुरी बताया और बच्चों को सदा सत्य के मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी सीखें और जीवन मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण करें। समारोह में अपने आशीर्वचन प्रदान करते हुए लालासर साथरी के महंत व संस्कार शिविर के राष्ट्रीय संयोजक स्वामी सच्चिदानंद आचार्य ने देशभर में अकादमी द्वारा आयोजित सभी शिविरों का परिचय दिया। सभी शिविर संयोजकों, प्रभारियों, स्वंयसेवकों, स्थानीय संस्थाओं, वक्ताओं व भामाशाहों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक नोखा बिहारीलाल बिश्नोई ने संस्कार शिविर को वर्तमान समय की प्रमुख जरूरत बताया और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने में शिविरों की प्रमुख भूमिका बताई। अकादमी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार बनवारी लाल साहू ने शिविरों के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी जुड़ने की आवश्यकता बताई। गुरु जम्भेश्वर सेवक दल के पूर्व अध्यक्ष सहदेव कालीराणा ने समाज सुधार हेतु संस्कार शिविरों की आवश्यकता पर जोर दिया।

अजमेर एसपी देवेन्द्र बिश्नोई ने जाम्भाणी शिक्षा के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन किया और विकसित राष्ट्र के निर्माण में भूमिका निर्वहन पर जोर दिया। अकादमी अध्यक्षा डॉ इंदिरा बिश्नोई ने इस समापन अवसर पर आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

इस दौर में संस्कारों के प्रचार प्रसार हेतु सभी शिविर आयोजकों का धन्यवाद किया। डॉ इंदिरा बिश्नोई ने इस अवसर पर समाज के भामाशाहों से मुकाम में निर्माणाधीन जाम्भाणी साहित्य सदन मुकाम के लिए आर्थिक सहयोग की अपील की। अकादमी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भामाशाह एवं उद्योगपति राजाराम धारणियां ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विधायिका सिद्धि कुमारी द्वारा बिश्नोई समाज हेतु किए गए विकास कार्यों हेतु आभार प्रकट किया।

अकादमी की संरक्षिका डॉ सरस्वती बिश्नोई ने अकादमी के सफल संचालन के लिए सदस्यों से प्रतिवर्ष अंशदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर देशभर से जाम्भाणी साहित्य अकादमी के सदस्य, भामाशाह और साहित्यकारों ने भाग लिया।

शिविरों में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए देशभर से पधारे समाजसेवी महानुभावों, अखिल भारतीय जम्भेश्वर सेवक दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह कस्वां, हरिराम खीचड़ हथाईदार, विष्णु थापन को सम्मानित किया गया। लोगों ने साहित्य सदन मुकाम के निर्माण के लिए मुक्तहस्त से दान भी दिया। मंच का संचालन डॉ हरिराम बिश्नोई ने किया।

## श्रीगोविन्द धाम गौशाला में रामायण पाठ

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन में अबोहर मार्ग पर स्थित श्री गोविन्द धाम गौशाला परिसर में इन दिनों अनूठा धार्मिक आयोजन हो रहा है।

गौशाला परिसर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 14 जून से अखण्ड रामायण पाठ और गीता पाठ का वाचन हो रहा है। यह धार्मिक आयोजन 28 जून तक चलेगा। इस दौरान अनवरत 767 श्री रामायण पाठ और गीता पाठ का वाचन होगा। इसी के साथ असंख्य हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है। तीन पंडित हनुमान चालीसा का पाठ 14 जून से अनवरत कर रहे हैं। हनुमान चालीसा का पाठ 28 जून सुबह तक अनवरत चलेगा। हनुमान चालीसा के एक पाठ पर औसतन पांच मिनट लगते हैं।

ऐसे में लगातार असंख्य पाठों का वाचन होगा। एक अनुमान के अनुसार यह संख्या करोड़ों में पहुंच जायेगी। अखण्ड रामायण एवं गीता पाठ और असंख्य हनुमान चालीसा का वाचन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए किया जा रहा है। श्री गीता व रामायण पाठ का वाचन अनवरत चल रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन सुबह आठ बजे पाठ पूजन होता है। श्री गोविन्द धाम गौशाला समिति के अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गौशाला परिसर में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए 16 वर्ष से अनवरत अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है।

## सार-समाचार

### राती घाटी अलंकरण से सम्मानित



क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष करण प्रताप सिंह को राती घाटी अलंकरण से सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष करण प्रताप सिंह सिसोदिया का राती घाटी अलंकरण से अभिनंदन किया। क्षत्रियों का सदैव सभी जातियों की रक्षा करने हेतु तलवार उठाने का श्रेय रहा है। क्षत्रिय समाज पूर्व की भांति आज भी सभी कोमों को साथ लेकर समाज हित के कार्य करने में अग्रणी है। यह उद्गार जानकी नारायण श्रीमाली ने क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष करण प्रताप सिंह सिसोदिया के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर उनको राती घाटी शोध संस्थान द्वारा दिए गए सम्मान समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर रात्रि घाटी शोध संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बीका अपने उद्बोधन में बताया कि राति घाटी का जो युद्ध बीकानेर में हुआ था एक मात्र ऐसा युद्ध था जिसका निर्णय हुआ था। मुगलों के साथ जितने भी युद्ध हुए वह सभी अनिर्णीत रहे थे। इस सम्मान समारोह में क्षत्रिय सभा के वरिष्ठ सदस्य ईश्वर सिंह चनाना ने राती घाटी शोध संस्थान एवं क्षत्रिय सभा के सामंजस्य से समाज में विकास और इतिहास को समृद्ध बनाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। अपने सम्मान समारोह में क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष करण प्रताप सिंह सिसोदिया ने सभी को यह विश्वास दिलाया कि क्षत्रिय सभा आगामी दिनों में पूर्व की भांति निरंतर विकास के कार्यों की ओर अग्रसर होगी।

### सारस्वत ने जनसमस्याएं सुनी



श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने विधायक जन सेवा केन्द्र पर जनसुनवाई की।

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने श्रीडूंगरगढ़ स्थित विधायक जन सेवा केन्द्र पर सोमवार को जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान पानी, बिजली और सड़क सहित विभिन्न समस्याएं ग्रामीणों ने रखी। विधायक सारस्वत ने अधिकारियों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इनका लाभ लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि गरीब, महिला, युवा और किसानों सहित प्रत्येक वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। इनकी जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाए।

### मालचंद सोनी को नमन 29 को

**बीकानेर,** (कासं)। स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी की पुण्यतिथि पर आयोजित नमन एवं सम्मान समारोह श्री जुबिली नागरी भण्डार सुदर्शना कला दीर्घा में 29 जून सायं 5.15 बजे आयोजित किया गया है। ट्रस्ट के सचिव राजाराम स्वर्णकार ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी की 19 वीं पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता सेनानी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर बातचीत होगी। कार्यक्रम समन्वयक शिवकुमार सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र जोशी करेंगे। मुख्य अतिथि अशफाक कादरी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.अजय जोशी होंगे।

# बीकानेर जिले की पुलिस ने खुद बनाई फोरेंसिक जांच टीम

- अब, हत्या-रेप के मामलों को सुलझाना हुआ और आसान

**बीकानेर,** (कासं)। जिला पुलिस की कार्यशैली में गुणात्मक सुधार हुआ है। खासकर हत्या-बलात्कार जैसे मामलों में साक्ष्य संग्रहण के मामले में। इसका बहुत कुछ श्रेय बीकानेर पुलिस की पहल को जाता है, जिसने खुद की ही फोरेंसिक टीम तैयार की है।

यह टीम चोरी, मर्डर या बलात्कार की वारदात में मौके से साक्ष्य-सबूत जुटायेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि परंपरागत रूप से फोरेंसिक लैब से टीम आने से पहले सबूतों के नष्ट होने अथवा विकृत होने की स्थिति पर भी रोक लगेगी। बीकानेर पुलिस ने इसके लिए योग्य पुलिस जवानों को छांटा। उन्हें फोरेंसिक एक्सपर्ट अधिकारियों से प्रशिक्षण दिलाकर दक्ष बनाया। जवानों को बीकानेर एवं जयपुर स्थित फोरेंसिक लैब के विशेषज्ञों ने तीन-तीन माह का गहन प्रशिक्षण दिया।

पुलिस के जवानों की फोरेंसिक टीम बनाने का पहला नवाचार बीकानेर पुलिस कर रही है। यह सफल रहा, तो इसे प्रदेशभर में भी अपनाया जा सकता है। मोडुस ऑपरेंडी ब्यूरो (एमओबी) एवं मोबाइल इन्वेस्टिगेटिव यूनिट (एमआईयू) मिलकर घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करने का काम करेंगी। अब तक फोरेंसिक टीम ही यह काम करती आई है। अब यह टीमें डिजिटल एवं साइंटिफिक एविडेंस कलेक्ट करेंगी। साथ ही डिजिटल एविडेंस के अलावा फुट प्रिंट, फिंगर प्रिंट संग्रहीत करने का काम भी करेंगी।

प्रत्येक थाने के दो-दो सिपाही एवं सीओ कार्यालय में तैनात एक-एक जवान को फोरेंसिक काम के लिए प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे एमओबी-एमआईयू टीम के सहयोग में काम कर सकें। पुलिस की फोरेंसिक टीम हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर के मामले में डिजिटल एविडेंस संग्रहित करेगी। ऐसे अधिकारियों को सहयोग करेगी, जो डिजिटल एविडेंस कलेक्ट नहीं कर पाते हैं। पुलिस ने अपनी खुद की फोरेंसिक टीम तैयार की है। 54 जवानों को जयपुर आरपीए में भेजकर ट्रेनिंग दी गई। जवानों को एफएसएल के टॉप लेवल जैसे, साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन, सीन्स ऑफ क्राइम एनालासिस, लिटिंग ऑफ एविडेंस फ्रॉम सीन्स और क्राइम की ट्रेनिंग दी गई है। जून-जुलाई से पुलिस की खुद की फोरेंसिक टीम तैयार होकर एफएसएल के साथ मिलकर काम करना शुरू कर देगी।

तेजस्विनी गौतम पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खाजूवाला के चक तीन केजेडी में तीन मई को हरविन्दर सिंह की सिर में कुल्हाड़ी से वार कर सगे भाई और भाभी ने हत्या कर दी। स्थानीय पुलिस खुद की फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची।

एसएफएल टीम के आने से पहले ही पुलिस की इस फोरेंसिक टीम ने सैपल व साक्ष्य संग्रहित कर लिए थे। मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपी बड़े भाई और भाभी को गिरफ्तार कर लिया।

## अनुकम्पा नियुक्ति की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस व नगर निगम ट्रैक्टर यूनियन ने नगर निगम बोर्ड पारित प्रस्ताव-2018 के अतंर्गत अनुबंधित ट्रैक्टर चालक व सफाई कर्मियों तथा 225 पदों की स्वीकृति तथा विभिन्न दुर्घटनाओं में मरे मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति में प्राथमिकता देने के लम्बित प्रकरण का निस्तारण करने की मांग दोहराते हुए इसकी क्रियान्विति की स्वीकृति दी जाने का आग्रह शासन व निकाय प्रशासन से किया।

अदभा. सफाई श्रमिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश राजस्थानी ने बताया कि बीकानेर नगर निगम आयुक्त ने अपने कार्यालय का पत्रांक 17810-17811 दिनांक 11 जून, 2018 को स्वायत्त शासन निदेशक को प्रकरण गत छः वर्ष पूर्व भेजा था। किंतु लम्बित प्रकरण का आज तक निस्तारण न होना दुखद हैं। संगठन इसे गंभीरता से लेता है। नगर निगम अनुबंधित ट्रैक्टर यूनियन के अध्यक्ष राकेश सियोता ने बताया कि चूंकि बीकानेर नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव-2018 भाजपा बोर्ड द्वारा पारित था।

# पुराना रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों का धरना

- यह मार्ग पिछले 50-60 साल से चला आ रहा है, जो खसरों में कटान का रास्ता है
- इसे प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर एक परिवार ने बंद कर दिया

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। ग्राम पंचायत बख्तावरपुरा के गांव हिंजरासर बारानी से होते हुए पांच सीएम जाने वाले वर्षों पुराने मार्ग को बंद करने के विवाद को लेकर ग्रामीणों की ओर से लगाया गया धरना पांचवें दिन तक जारी रहा।

धरने की सूचना मिलने पर सूरतगढ़ एडीएम कन्हैयालाल सोनगरा मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से समझाइश की। इसके बाद आम रास्ता खोल दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। ग्रामीण राजेन्द्र, भानीराम, डूंगर सिंह, हरचंद, ओमप्रकाश खाती, प्रेमाराम, राजाराम, कालू सिंह, पदम सिंह, सन्तु सिंह आदि का कहना है कि यह मार्ग पिछले 50-60 साल से चला आ रहा है, जो खसरों में कटान का रास्ता है।

इसे प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर एक परिवार ने बंद कर दिया तथा दूसरी जगह से निकाल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग को चकबंदी होने तक यथावत रखा जाए ताकि आवाजाही में परेशानी नहीं हो। इसको लेकर सूरतगढ़ उपखंड अधिकारी ने भी यथास्थिति बनाए रखने का स्टे भी दे रखा है। इसके बावजूद मार्ग नहीं खोला गया।

सूचना मिलने पर रविवार शाम करीब चार बजे एडीएम कन्हैयालाल सोनगरा धरना स्थल पर पहुंचे और इस मार्ग को अवरूद्ध करने वाले परिजनों से वार्ता की। एडीएम ने कहा कि जब तक चकबंदी लागू होती है तब तक इस मार्ग को खोलकर यथास्थिति रखे। इसके बाद परिजनों ने इस मार्ग को खोलने दिया गया। इसके बाद राहगीरों की आवाजाही शुरू हो गई।

# पत्नी से परेशान पति ने नहर में कूदकर जान दी

- मृतक की मां ने बहू पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सार्दुल ब्रांच नहर में गिरे युवक का शव मिल गया। शव सार्दुल ब्रांच नहर की आरडी 59 से बरामद हुआ। हवलदार शैतानाराम के अनुसार मृतक की मां वार्ड चार निवासी चांदो देवी पत्नी किशनलाल सांसी ने अपनी पुत्रवधु पर पुत्र को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

पुलिस थाना में दी रिपोर्ट में मां ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र राहुल (27) सांसी ने तीन साल पहले स्वेता पुत्री खाना हिम्मता निवासी जण्डावाली जिला हनुमानगढ़ के साथ लव-मैरिज की थी। जिसके कथित तौर पर अन्य लड़कों के साथ नाजायज संबंध थे। इस बात का राहुल को पता चल गया। जिसके बाद राहुल ने श्वेता को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह अपनी आदतों से बाज नहीं आई। अपने पीहर जण्डावाली जाकर रहने लगी। जिसकी वजह से राहुल परेशान रहने लगा। आखिरकार उसने प्रताड़ना से परेशान होकर गुरूवार रात्रि को सार्दुल ब्रांच नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक की मां की रिपोर्ट पर पुत्रवधु श्वेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राहुल गुरुवार रात घर से करीब दो बजे गायब हो गया था। सीसीटीवी में उसके नहर की ओर जाने की बात सामने आई।

## पदोन्नति पर पदस्थापन की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान-बीकानेर के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष गिरिजाशंकर आचार्य द्वारा आज प्रतिभा देवठिया अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन ) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर वार्ता की।

आचार्य ने बताया कि शिक्षा प्रशासन द्वारा विभाग में पदोन्नति पर पदस्थापन में दोहरा मापदंड अपनाने का विरोध करते हुए शिक्षा संवर्ग की तरह मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डीपीसी चयनोपरान्त पदस्थापन भी निदेशालय एवं मण्डल स्तरों पर ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया माध्यम से करने की पुरजोर मांग की गई है। वार्ता में अतिरिक्त निदेशक को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा उप प्रधानाचार्य पदों पर डीपीसी चयनितों को पदस्थापन काउंसलिंग प्रक्रिया से दिया जा रहा है।

# दूषित पानी व सफाई नहीं होने से जोहड़ में मर रही मछलियां

**श्रीकरणपुर,** (कासं)। कच्ची थेड़ी में बाबा रामदेव बड़ा मंदिर के निकट स्थित तालाब में पिछले चार-पांच दिनों से मछलियां मर रही हैं। आसपास लोगों का कहना है कि जोहड़ में पसरे अपशिष्ट से ऐसा हो रहा है। करीब दो दशक से जोहड़ की सफाई नहीं होने से वहां का वातावरण भी दुर्गंधमय है।

कच्ची थेड़ी के वार्ड 13 में बने इस जोहड़ के आसपास रहने वाले लोगों मनजीत सिंह सोनू, जीवन सिंह, मुकेश कुमार, प्रेम कुमार व बिंदर सिंह आदि ने बताया कि पिछले चार-पांच दिन से रोजाना मछलियां मर रही हैं। तैरती हुई मृत या अचेत मछलियों को श्वान किसी तरह किनारे पर ले आते हैं और इन्हें खा जाते हैं।

नागरिकों ने बताया कि अब तक करीब दो दर्जन से अधिक बड़े आकार की मछलियां मर चुकी हैं। उनका कहना है कि लम्बे अर्से से साफ-सफाई नहीं होने से ही ये हालात उपजे हैं।

उन्होंने बताया कि जोहड़ में फैले अपशिष्ट व काई से पानी दूषित हो चुका है। ऐसे में ऑक्सीजन का लेवल कम होने से ही मछलियां मर रही हैं। लोगों ने बताया कि दूषित पानी से आने वाली दुर्गंध के साथ वहां किनारों पर पड़े मृत मछलियों के अवशेष से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो चुका है और इससे उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

जोहड़ के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि करीब दो दशक से जोहड़ में साफ-सफाई नहीं हुई। इसके अलावा तीन-चार माह से जोहड़ में ताजा पानी भी नहीं भरा गया। इससे जोहड़ में खड़ा पानी दुर्गंधमय हो चुका है। नागरिकों ने बताया कि इस तालाब में पानी की आपूर्ति के लिए नहर से खाला है लेकिन इसमें से पीछे ही कहीं पानी तोड़ लिया जाता है। लोगों की मांग है कि इस जोहड़ को पक्का किया जाना चाहिए। इसका सौंदर्यकरण भी किया जाना चाहिए ताकि आसपास व अन्य लोगों के लिए यह एक दर्शनीय स्थल बन सके।

पवन चौधरी, इओ नगर पालिका श्रीकरणपुर का कहना है कि कच्ची थेड़ी स्थित जोहड़ का मामला संज्ञान में नहीं है। मौका मुआयना कर जल्द ही जोहड़ की साफ-सफाई व सौंदर्यकरण संबंधी कार्य योजना बनाई जायेगी।

# रोटरी का सेवा संकल्प, शव वाहन रोटरी स्वर्ग रथ जनहितार्थ समर्पित




रोटरी क्लब के स्वर्ग रथ का जनहितार्थ प्रांतपाल पवन खंडेलवाल तथा वरिष्ठ रोटे. शशि मोहन मूंधड़ा ने लोकार्पण किया।

- आमजन की सुविधार्थ इमरजेंसी बैंक आरंभ करने का निर्णय लिया

**बीकानेर,** (कासं)। रोटरी सत्र 2023-24 के प्रांतपाल कल अपनी आधिकारिक क्लब यात्रा पर रोटरी रॉयल्स और महिला क्लब रोटरी अप राइज के समक्ष बीकानेर में बीकानेर में छात्रों और युवा व्यावसायी को प्रेरित करने के उद्देश्य से देश के ख्यातिनाम वक्ता सोनू शर्मा का मोटिवेशनल कार्यक्रम ड्रीम्स टू रियलिटी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन का प्रयोजन युवाओं को प्रेरणा देने के साथ- साथ एकत्रित आय को सेवारत कार्यों में व्यय करने की थी। इसमें स्पॉन्सर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी के सहयोग से कार्यक्रम ने आपार सफलता प्राप्त की और स्पॉन्सर्स के सहयोग और टिकट बिक्री से शेष बची राशि में दोनों क्लब द्वारा कुछ और धनराशि सम्मिलित कर मुश्किल घड़ी में आमजन की सुविधार्थ इमरजेंसी बैंक आरंभ करने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी को आरम्भ करते हुए शव वाहन रोटरी स्वर्ग रथ तैयार करवाया गया। आमजन हितार्थ सदैव उपलब्ध रहने के संकल्प के साथ कल रोटरी भवन में स्वर्ग रथ का लोकार्पण समाजसेवी एवं वरिष्ठ रोटे. शशि मोहन मूंधड़ा के साथ प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, पूर्व प्रांतपाल में रोटे. अरुण प्रकाश गुप्ता, रोटे. अनिल माहेश्वरी एवं राजेश चूरा, सहायक प्रांतपाल रोटे. राजेश बावेजा के साथ क्लब अध्यक्ष रोटे. प्रियंका शंगारी, रोटे. पंकज पारीक, क्लब सचिव रोटे गोपाल अग्रवाल, रोटे. चांदनी करनानी के शुभ कर कमलों से किया गया। क्लब अध्यक्ष पंकज पारीक और प्रियंका शंगारी ने बताया कि इमरजेंसी बैंक के अंतर्गत दोनों क्लब द्वारा शीघ्र ही व्हील चेयर्स, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर, फोल्डिंग रेस्ट बैड्स, डेड बॉडी फ्रीज आदि भी आमजन सुविधार्थ एक ही जगह पर उपलब्ध करवाए जाने हेतु दोनों क्लब संकल्पित हैं।

## छः न्याति महासंघ की कार्यकारिणी घोषित

**बीकानेर,** (कासं)। छः न्याति महासंघ के अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा की अनुशंसा पर बीकानेर जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने जिला कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा की।

कौशल शर्मा ने बताया कि जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए हेमन्त गौड, सत्यप्रकाश शर्मा, आलोक शर्मा, अरविन्द पारीक, इतिहास गौड, नीरज तिवाड़ी, महेन्द्र पाल शर्मा, महेन्द्र कुमार महर्षि व सुभाष चंद्र ओझा को जिला उपाध्यक्ष एवं निरंजन सारस्वत, शिवशंकर बच्छ, ओमप्रकाश शर्मा, कैलाश दाधीच, पियूष गौड, भानू प्रकाश शर्मा, अखिल पंचारिया, हिमांशु गौतम, अंकित दुबे, तनुज सारस्वत, नरपत लाल पालीवाल और अनिरूद्ध पारीक को जिलामंत्री नियुक्त किया। शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने का आव्हान किया।

**राजस्थान आवासन मण्डल** RAJASTAHN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत् गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Govrnment Enterprisc Constituted Under RHB Act 1970) वृत- बीकानेर, Cirlce- Bikaner
क्रमांक:- उआआ/ आरएचबी/ बीका/ 2024-25/ 174 **आम सूचना** दिनांक:- 24/5/2024
राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को वाद संख्या 7(210)/9/04 आवासीय भूखण्ड सं. 1-बी- 289 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर का आंवटन पत्र क्रमांक 1201 दिनांक 22.02.2023 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 17.08.2023 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बेचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्रीमती सरोज पत्नि श्री जितेन्द्र चौधरी को किया गया। उक्त विक्रस विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 21.09.2023 से पंजीकृत हैं। श्रीमती सरोज पत्नि श्री जितेन्द्र चौधरी ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्री नटवर चौधरी पुत्र स्व. श्री हरि सिंह चौधरी को किया गया। उक्त विक्रस विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 13.12.2023 से पंजीकृत हैं। श्री नटवर चौधरी पुत्र स्व. श्री हरि सिंह चौधरी ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री नटवर चौधरी पुत्र स्व. हरि सिंह चौधरी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपित्ति नहीं है, नटवर चौधरी पुत्र स्व. श्री हरि सिंह चौधरी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/ पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।
सहायक आवासन अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, वृत बीकानेर

**राजस्थान आवासन मण्डल** RAJASTAHN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत् गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Govrnment Enterprisc Constituted Under RHB Act 1970) वृत- बीकानेर, Cirlce- Bikaner
क्रमांक:- उआआ/ आरएचबी/ बीका/ 2024-25/ 167 **आम सूचना** दिनांक:- 24/5/2024
राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आंवटी को वाद संख्या 7(210)/9/04 आवासीय भूखण्ड सं. 1-बी- 290 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर का आंवटन पत्र क्रमांक 1201 दिनांक 22.02.2023 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 17.08.2023 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बेचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्रीमति रचना चौधरी पत्नि श्री आशीष चौधरी को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 21.09.2023 से पंजीकृत हैं। श्रीमति रचना चौधरी पत्नि श्री आशीष चौधरी ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्री रोहित चौधरी पुत्र नटवर चौधरी को किया गया। उक्त विक्रस विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 13.12.2023 से पंजीकृत हैं। श्री रोहित चौधरी पुत्र नटवर चौधरी ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री रोहित चौधरी पुत्र नटवर चौधरी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपित्ति नहीं है, श्री रोहित चौधरी पुत्र नटवर चौधरी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य काई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/ पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद- विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।
सहायक आवासन अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, वृत बीकानेर

**CAVEAT NOTICE**
**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT PRINCIPAL SEAT JODHPUR/BENCH AT JAIPUR**
**D.B./S.B/S.A.W. (PIL) CIVIL WRIT PETITION NO. ________/2024**
Any Person/Firm/Company/Corporation/Entity
Versus
Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences
***
**APPLICATION UNDER RULE 159 OF RAJASTHAN HIGH COURT RULES FOR ENTERING IN TO CAVEAT**
***
**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS : -**
Humble Applicant seeks to enter into caveat under rule 159 of Rajasthan High Courts Rules and pray that nothing be done till the applicant is heard in the present matter.
1. The writ petition (SB/DB/PIL) may be filed by: - ANY PERSON/FIRM/COMPANY/CORPORATION/ENTITY
2. The writ petition (SB/DB/PIL) is likely to be filed against: - **Officer Incharge/Director Research/Comptroller/Registrar Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences,** Vijay Bhawan Palace Complex, Veterinary University Road, Near Deen Dayal Upadhyay Circle, Bikaner, Rajasthan 334001
3. The writ petition (SB/DB/PIL) is likely to be filed against **'Tender No. LRS/Kodemdesar/E-NIB No 01/2024-25 dated 13-06-2024**
4. The Vakalatnama on behalf of Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences is submitted herewith.

It is therefore, humbly prayed that Applicant be allowed to enter as Caveator in the matter.

Humble Applicant
**Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences,**
Through Registrar:

**Counsel For Jodhpur:** Sh. Muktesh Maheshwari(Advocate) R/1743/2008 Email Id: mukteshmaheshwari@gmail.com
**Counsel For Jaipur:** Sh. Sandeep Pathak (Advocate) R/717/2006 Email Id: sandeep.s.pathak@gmail.com
Raj.Samwad/C/24/1195

# ड्रेनेज सिस्टम के कारण बरसात के दौरान रेलवे अंडरब्रिज में जलभराव ना हो : सिंघवी

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि मानसून के दौरान जिले के किसी भी रेलवे अंडरब्रिज में ड्रेनेज सिस्टम के कारण जलभराव ना हो इसके मद्देनजर समस्त अंडरब्रिज के ड्रेनेज सिस्टम की जांच करवा ली जाए।

संभागीय आयुक्त ने सोमवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्लयूडी द्वारा नगरीय क्षेत्र में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत समितियों से समन्वय करते हुए समस्त अंडरब्रिज के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखा जाए। इनकी वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट से संबंधित एजेंसियों को अवगत करवाएं। ड्रेनेज सिस्टम के कारण किसी भी स्थिति में जलभराव नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए।

संभागीय आयुक्त ने नगर निगम, नगर विकास न्यास एवं पीडब्लयूडी के अधिकारियों को मानसून से दौरान बरसाती जलभराव की समस्या से निपटने की तैयारियों के निर्देश दिए। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने व उन क्षेत्रों की सड़कों में गड्ढे होने पर उन्हें भरवाने के साथ मैनहॉल खुले होने की स्थिति में उनके ढक्कन बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संभावित स्थानों पर कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए। उन्होंने सभी विभागों को मानसून के दौरान पौधारोपण का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।



बीकानेर संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने पीडब्लयूडी व निगम के अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़कों के किनारे, गौशालाओं, पीएचसी, सीएचसी सहित अन्य स्थान पर पौधारोपण के लिए स्थान चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि नगर विकास न्यास एवं नगर निगम के अधिकारी भामाशाहों को पौधारोपण करने व पौधों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें। गर्मी के मद्देनजर मरीजों व उनके परिजनों को दवा लेने एवं जांच करवाने के दौरान परेशानी न हो, इसलिए सीएचसी एवं पीएचसी में छाया, पानी और बैठने की व्यवस्था उपलब्ध हो। चिकित्सा केन्द्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अस्पतालों में दवा वितरण एवं जांच व्यवस्था की समीक्षा की। संभागीय आयुक्त ने कहा कि विभिन्न विभाग अपने प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ काम पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। इन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट संभागीय आयुक्त कार्यालय को नियमित रूप से भिजवाई जाए। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओमप्रकाश बिश्नोई, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ देवेन्द्र चौधरी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

- **संभागीय आयुक्त ने पीडब्लयूडी को निगम और पंचायत समितियों से समन्वय करते हुए समस्त अंडरब्रिज के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए**

## बी.बी.एम.बी. की बैठक 28 को

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की बैठक 28 जून को संभावित है। इस अहम बैठक में अगले महीने के शेयर का निर्धारण किया जायेगा।

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार अभी इंदिरा गांधी नहर में तय शेयर के अनुसार पानी चल रहा है। अगले महीने के शेयर का निर्धारण आगामी बैठक में किया जायेगा। इसमें अधिकतम पानी लेने का प्रयास रहेगा। इस समय किसान इंदिरा गांधी नहर को चार में दो समूह में चलाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी इस नहर को तीन में एक समूह में चलाया जा रहा है।

तापमान बढने की वजह से खरीफ फसलों में सिंचाई पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। अभी तक करीब दो लाख हेक्टैयर में खरीफ फसलों की बिजाई हुई है। फसलों की बिजाई का कार्य जारी है। ऐसे में किसान नहरों में पानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। राजस्थान की सीमा पर हो रही गेज रीडिंग के कार्य में भी गफलत होने की वजह से पानी की आवक को लेकर सही स्थिति का पता नहीं लग पाता है। जल संसाधन हनुमानगढ़ के एसई रामाकिशन के अनुसार अभी राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर के लिए करीब 7750 क्यूसेक पानी निर्धारित है। करीब-करीब इतना ही पानी मिल रहा है। इससे अधिक पानी भी मिला हैं।

## सार-समाचार

### राठौड़ को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड



कर्नल डॉ. अशोक सिंह राठौड़ को मलेशिया में ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के कर्नल डॉ. अशोक सिंह राठौड़ को ब्रिक्स एशियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स मलेशिया द्वारा सामाजिक समरसता, नेतृत्व और अनुकरणीय प्रस्तुतियों के लिए ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही घोड़े की पीठ पर तीस मिनट योगासन के लिए एशियन अंतराष्ट्रीय वर्ल्ड रिकॉर्ड भी कर्नल राठौड़ के नाम से दर्ज किया गया। चैम्बर ऑफ कॉमर्स ब्रिक्स एशियन द्वारा अनुकरणीय लीडरशिप को रेखांकित करते हुए कर्नल अशोक सिंह राठौड़ को यह प्रतिष्ठित अंतराष्ट्रीय सम्मान मलेशिया की राजधानी क्वालालमपुर में 23 जून को प्रदान किया गया। डॉक्टर राठौड़ को ब्रिक्स एशियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट थायालन नाथन एवं ज़ोरिफ मेनन द्वारा सर्टिफिकेट और मैडल से सम्मानित किया गया। रीवा मूल के कर्नल डॉ अशोक सिंह मूलत: वेटरनरी डॉक्टर हैं और उनकी पत्नी डॉ तरुणा भाटी वेटरनरी यूनिवर्सिटी बीकानेर में प्रोफेसर है। हाल ही में इनके पुत्र रवीश राठौड़ का भारतीय नौ सेना में चयन हुआ था। डॉ राठौड़ पूर्व में बीकानेर में एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर भी रह चुके हैं।

### मैडल जीतने वाले खिलाड़ी सम्मानित



रेलवे क्लब बीकानेर की ओर से शिविर के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। रेलवे क्लब बीकानेर की ओर से 15 दिवसीय निशुल्क दूध-चना शिविर समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए डेढ़ सौ से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को टी-शर्ट और प्रमाण-पत्र भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया गया। रेलवे क्लब के सचिव राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शिविर समापन समारोह में उत्तर-पश्चिम रेलवे एम्पलाइज यूनियन के जोनल महामंत्री मुकेश माथुर, जोनल अध्यक्ष मनोज कुमार पड़िहार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। छह जून से चल रहे इस प्रशिक्षण शिविर में रोजाना सुबह छह बजे से आठ बजे तक कुशल और अनुभवी प्रशिक्षक योगा, बास्केट बॉल, नेटबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, कूडो सहित कई खेलों का प्रशिक्षण देते रहे थे। साथ ही कैरियर उन्मुखीकरण सेमीनार, व्यक्तित्व विकास, हिडन टैलेंट आदि कार्यक्रमों के जरिए बालकों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया गया। रोजाना प्रशिक्षण के बाद बालकों को निशुल्क दूध व चना परोसा जाता था, जिससे बालकों का शरीर सुदृढ़ हो सके। शेखावत ने बताया कि समारोह के दौरान सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में मैडल जीतने वाले व शामिल होने वाले खिलाड़ियों मयंक जावा, वैभवमान सिंह शेखावत, भूपेन्द्र सिंह राठौड़, जेबा भाटी, प्रतिक्षा गहलोत, दिव्यांश सिंह भाटी को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेलवे क्लब के कोषाध्यक्ष शिवरतन मीणा, सहायक सचिव धीरेन्द्र सिंह सांखला, उपाध्यक्ष कमालुदीन सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

### रवि आचार्य निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष



**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश निर्वाचन अधिकारी ने संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार संगठन के प्रदेश निर्वाचन में बीकानेर के शिक्षक नेता रवि आचार्य लगातार सोलहवीं बार संगठन के विभिन्न पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होने की श्रंखला में इस वर्ष रवि आचार्य प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा नोखा के ओमप्रकाश विश्नोई को प्रदेश उपाध्यक्ष तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इसके साथ रमेश पुष्करणा प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड, महामंत्री महेन्द्र लखारा अजमेर, योगेश शर्मा अतिरिक्त महामंत्री कोटा, रूपाराम रलिया प्रदेश उप सभाध्यक्ष जोधपुर, सभाध्यक्ष सम्पत सिंह सीकर, प्रदेशमंत्री डॉ अरुणा शर्मा जयपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला जयमाला पानेरा निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

# अब सरकारी स्कूलों में भी लगेंगे टॉपर विद्यार्थियों के फोटो

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सरकारी स्कूलों में पढ़कर कर परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चे अब अन्य बालक-बालिकाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। टॉपर बच्चों का सरकारी खर्च पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा। साथ ही निजी स्कूलों की तर्ज पर अब 10वीं व 12वीं बोर्ड में स्कूल टॉपर रहने वाले बालक-बालिकाओं के बड़े आकार के रंगीन फोटो स्कूलों में लगाये जायेंगे।

शिक्षा विभाग की मंशा है कि ऐसा करने से सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ेगा। इसके अलावा सरकारी स्कूल का परिणाम बेहतर रहने की जानकारी आस-पास के गांवों में दी जायेगी ताकि ग्रामीणों को पता लग सके कि सरकारी स्कूलों में भी बेहतर पढ़ाई हो रही है।

इसके लिए गांवों में रैलियां निकाली जायेगी। प्रवेशोत्सव के दौरान 15 जुलाई तक प्रत्येक गांव-ढाणी में कम से कम दो बार रैली निकाली जायेगी। प्रवेशोत्सव को लेकर स्कूल शिक्षा परिषद ने गाइडलाइन भी जारी की है। उसी में यह तरीके बताए गए हैं। प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा। साथ ही नए बच्चों के प्रवेश लेने पर स्कूलों के दरवाजों पर सजावट की जायेगी। सीडीईओ शिक्षा विभाग श्रीगंगानगर पन्नालाल कड़ेला ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए विभाग हर स्तर पर प्रयास कर रहा है। इसके लिए विभाग ने गाइडलाइन तक जारी की है। इसी के अनुसार स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं।

शिक्षा विभाग के अनुसार विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच, पंच, पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी की महिला कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से ग्राम सभा में प्रवेशोत्सव अभियान का आयोजन कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को अनिवार्य एजेंडे के रूप में शामिल करने पर बल दिया गया है। साथ ही एसएमसी व एसडीएमसी की बैठकों में सभी सदस्यों एवं अभिभावकों को अपने बच्चों का राजकीय विद्यालयों में नामांकन बनाए रखने एवं अन्य अभिभावकों को नामांकन के लिए प्रेरित करने पर चर्चा की जायेगी।

नामांकन वृद्धि, अनामांकित एवं ड्रॉप आउट बालक-बालिकाओं के नामांकन एवं ठहराव के लिए किए गए कार्य की मॉनिटरिंग सीबीईओ कार्यालय करेगा। ब्लॉक स्तर पर शहरी क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली के साथ-साथ बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख धार्मिक स्थलों, चौराहों, निर्माणाधीन भवन, बेघर, घुमन्तु, मौसमी पलायन एवं कच्ची बस्ती के परिवारों का भी सर्वे किया जायेगा। सर्वे में 3 से 18 वर्ष की आयु के बालक-बालिकाओं को सूचीबद्ध किया जायेगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में वार्डवार एवं क्षेत्रवार चिन्हित बालक-बालिकाओं को शाला दर्पण पोर्टल पर प्रविष्टि की जायेगी।

- **शिक्षा विभाग की मंशा है कि ऐसा करने से सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ेगा**

## नशा रोकने का प्रशिक्षण दिया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। नशा मुक्ति अभियान के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हनुमानगढ़ टाउन स्थित एमजीएम राजकीय जिला चिकित्सालय में कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में आयोजित किया गया।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त जिला अभियान के तहत चिकित्सा विभाग हनुमानगढ़ द्वारा एनटीसीपी के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षक (ट्रेनर) तैयार करने के उद्देश्य से आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हनुमानगढ़ टाउन स्थित एमजीएम राजकीय जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ एवं एनटीसीपी जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओ.पी. सोलंकी ने जिले के प्रत्येक खंड से एक-एक ट्रेनर, जिला मुख्यालय से चार ट्रेनर एवं एनसीडी काउंसलर आदि को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा आशा एवं एएनएम तथा अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को नशे से बचाव का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# पुल और हाईवे ठेकेदार पर लगाया जुर्माना

**सूरतगढ़,** (कासं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सीकर के एआरटीओ डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड़ की अगुवाई में उडन॰दस्तों ने ओवरलोड वाहनों के साथ-साथ इलाके में नेशनल हाईवे और घग्घर नदी पर बने पुल के निर्माण में तकनीकी खामियों पर रोड आनिंग एजेन्सी और ठेकेदार पर जुर्माना लगाया।

परिवहन विभाग ने पहली बार किसी रोड निर्माण को लेकर जुर्माना लगाने का प्रावधान अपनाया हैं। एआरटीओ राठौड़ ने स्थानीय लोगों से भी चर्चा की। इसके बाद रोड ऑनिंग एजेंसी एनएच पीडब्लयूडी बीकानेर अधीक्षण अभियंता से चर्चा कर सुरक्षा प्रतिनिधि राधेश्याम एवं चैनेज 173 से 250/900 सडक के 77.9 किमी के स्ट्रेच का ठेकेदार दीप ज्योति श्रीगंगानगर के इंजीनियर गुरजीत सिंह व नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता सुरेन्द्र पाल सिंह को मौके पर बुलाकर स्पॉट की इंडियन रोड कांग्रेस मानकों के अनुरूप इंजीनियरिंग दोष चिन्हित किए।

परिवहन विभाग ने अपनी जांच में स्वीकारा कि मुख्य रूप से सडक पर बीचों बीच इतने बड़े गड्ढे, ड्रेनेज का बंद होना, 45 मीटर राइट ऑफ वे की चौड़ाई के हाईवे के दोनों ओर अतिक्रमण, कॉलोनियों के पानी की निकासी न होने तथा सारा पानी हाईवे पर आ जाना, ठेकेदार द्वारा अनुबंध के अनुसार सही मरम्मत न करना, हाईवे निर्माण मानदंड की पालना न होना आदि पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 198 ए के तहत चैंकिंग प्रतिवेदन बनाया गया। प्रत्येक मानक दोष पर एक लाख तक पेनल्टी का प्रावधान है, जो न्यायालय द्वारा किया जाकर मोटर दुर्घटना कोष में जमा होना है। सीकर के एआरटीओ डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सीकर रीजन के उडन॰दस्तों ने जांच कर ओवरलोड 45 वाहनों पर 10.50 लाख का जुर्माना किया।

- **हाईवे और घग्घर नदी पर बने पुल के निर्माण में तकनीकी खामियों पर की कार्रवाई**

# पड़ौसी राज्य डाल रहे हमारे हिस्से के पानी पर डाका

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पड़ौसी प्रदेश चाहे पंजाब हो या हरियाणा, पानी के मामले में दोनों की मंशा साफ नहीं है। दोनों प्रदेश हर साल राजस्थान के हिस्से के पानी पर मनमर्जी से कैंची चला देते हैं।

पंजाब में धान की रोपाई शुरू हो चुकी हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री के आदेश पर पंजाब जल संसाधन विभाग ने वहां की नहरों ईस्टर्न केनाल और सरहिंद फीडर को उनकी जल ग्रहण क्षमता से अधिक पानी उपलब्ध करवा दिया है। जबकि गंगनहर को तय शेयर 2500 क्यूसेक से 400 क्यूसेक पानी कम दिया जा रहा है। विभाग ने मनमर्जी से शेयर में कटौती कर दी है। वहीं पंजाब में ही 200 से 300 क्यूसेक पानी की चोरी भी हो रही है। यही हाल इंदिरा गांधी नहर का है। इंदिरा गांधी नहर का शेयर 7750 क्यूसेक है। धान की रोपाई शुरू होने के हफ्ते भर बाद इसके तय शेयर में भी 1500 क्यूसेक की कटौती कर दी गई है। गंगनहर और इंदिरा गांधी नहर के लिए भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड की ओर से निर्धारित पानी के शेयर का उपयोग पंजाब अपने यहां धान की रोपाई में कर रहा है। हैडवर्क्स पर नियंत्रण पंजाब के हाथों में होने के कारण जल संसाधन विभाग के अधिकारी कुछ भी करने में असमर्थ हैं।

- **गंगनहर को तय शेयर 2500 क्यूसेक से 400 क्यूसेक पानी कम दिया जा रहा है**

## 450 क्विंटल लकड़ियों सहित वाहन सीज

**हनुमानगढ़,** (कासं)। वन विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है।

हनुमानगढ़ में उप वन संरक्षक सुरेश कुमार आबुसरिया के निर्देशन में 23 जून को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन गश्त की गई। इसमें नोहर में ट्रेक्टर रेहड़ा में 70 क्विंटल, पिकअप में 30 क्विंटल लकड़ी एवं भादरा में 2 ट्रकों में पंचमेल लकड़ी अनुमानित 350 क्विंटल कुल 450 क्विंटल लकडियों सहित वाहनों को सीज किया गया। इस कार्रवाई में क्षेत्रीय वन अधिकारी भादरा मखन लाल शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी नोहर पवन कुमार शर्मा एवं अधीनस्थ स्टाफ शामिल था।

# सूरतगढ़ अर्बन स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं है स्थाई चिकित्सक

**सूरतगढ़,** (कासं)। राज्य सरकार एक तरफ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के दावे कर रही है। वहीं राजकीय चिकित्सालय मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। सूर्योदय नगरी क्षेत्र में लाखों रूपए की लागत से बने अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ की कमी की समस्या से जूझ रहा है।

यहां सबसे खास बात यह है कि चिकित्सालय में स्थाई चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने पर अनुबंध पर कार्यरत चिकित्सक से ही कार्य करवाया जा रहा है। इस वजह से ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। करीब डेढ़ साल पूर्व स्थाई चिकित्सक को लगाया हुआ था। उस समय ओपीडी 250 से 300 तक पहुंच गई थी, लेकिन वर्तमान में ओपीडी में मात्र 50 मरीज आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सालय प्रभारी को नोटिस जारी किया है।

सूर्योदय नगरी क्षेत्र के 11 वार्डों के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से बने अरबन पीएचसी में शुरूआत में अनुबंध चिकित्सक को लगाया था। प्रारंभिक रूप से सूर्योदय नगरी क्षेत्र के मरीज अर्बन पीएचसी में अधिक आते थे।

करीब डेढ़ साल पूर्व सीएचसी से एक चिकित्सक को लगाया था। इस दौरान प्रतिदिन ओपीडी में 250 से 300 मरीज आते थे। लेकिन बाद में चिकित्सक को वापस सीएचसी में लगा दिया था। वर्तमान में पीएचसी में अनुबंध पर चिकित्सक कार्यरत है तथा ओपीडी मात्र 50 तक पहुंच गई। गत दिनों सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने भी अर्बन पीएचसी का निरीक्षण के दौरान इस मामले को गंभीर मानते हुए पीएचसी प्रभारी को नोटिस जारी किया था।

- **अनुबंध पर लगाये चिकित्सक से ही काम चलाया जा रहा है**

# 'कौशल विकास से बालक-बालिकाओं में आत्मनिर्भर होने का हुनर विकसित होगा'

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मंडल मुख्यालय द्वारा राजकीय बांठिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनासर में आयोजित हो रहे कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप समाजसेवी मोहन सुराणा उपस्थित रहे। अध्यक्षता सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रामजस लिखाला ने की। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा, स्थानीय संघ गंगाशहर के प्रधान भवानीशंकर जोशी, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गंगाशहर सूरज रतन सोनी, लीडर ट्रेनर देवानंद पुरोहित, वरिष्ठ स्काउट मास्टर गौरीशंकर गहलोत और गिरिराज खैरीवाल आदि उपस्थित थे। बोड़ा ने कहा कि शिक्षा विभाग के कौशल विकास शिविर का उद्देश्य बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करना है। मोहन सुराणा ने कहा कि भारत सरकार भी कौशल विकास के अनेक कार्यकम कर रही है। स्काउट गाइड द्वारा आयोजित इस शिविर से बालक बालिकाओं में आत्मनिर्भर होने का हुनर विकसित होगा। बीकानेर संभाग के सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रामजस लिखाला ने कहा कि कौशल विकसित होने से व्यक्ति के व्यक्तित्व में निखार आता है और उन्हें स्वावलम्बी बनाता है।



ए.डी.ई.ओ. सुनील बोडा व समाजसेवी मोहन सुराणा ने कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस प्रकार के शिविरों में सहभागिता करने से बालक-बलिकाओं का जीवन अनुशासित बनता है। गंगाशहर प्रधान भवानी शंकर जोशी ने कहा कि कौशल युवाओं के लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग प्रदान करता हैं। साथ ही उनको रोजगारोन्मुखी भी बनाता है। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए। अतिथियों द्वारा ट्रेड अनुसार श्रेष्ठ कार्य करने वाले बालक-बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। सीओ स्काउट एवं शिविर संचालक जसवंत राजपुरोहित ने बताया कि 17 मई से 24 जूने तक आयोजित शिविर में ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, सिलाई, कंप्यूटर, नृत्य, स्केटिंग, इंग्लिश स्पोकन, चित्रकला आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया।

- **ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, सिलाई, कंप्यूटर, नृत्य, स्केटिंग, इंग्लिश स्पोकन, चित्रकला का प्रशिक्षण दिया**

# 'कॅरियर निर्माण में मां-बाप व अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका'

**बीकानेर,** (कासं)। नागौरी तेलियान विकास समिति की ओर से नागौरी तेलियान समाज के छात्र-छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग शिविर एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन आज महाराजा नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम श्री जुबिली नागरी भण्डार बीकानेर में किया गया।

जिसमें लगभग एक दर्जन मोटिवेशनल स्पीकर, विषय विशेषज्ञ एवं काउंसलर्स ने समाज के सैकड़ों बच्चों को उनके बेहतर कॅरियर के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम समन्वयक क़ासिम बीकानेरी ने बताया कि कॅरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर नागौर के एडिशनल एस.पी. नूर मोहम्मद मौजूद थे।

आपने बच्चों का मोटिवेशन करते हुए कहा कि मां-बाप मुश्किलों के बावजूद बच्चों को पढ़ाते हैं। जीवन में चैलेन्ज आते हैं और उन चैलेंज का मुकाबला करना पड़ता है। असफलताएं एक चुनौती होती है। आपने बच्चों को साइबर क्राइम से सावधान रहने की नसीहत देते हुए कहा कि आपके अंदर कामयाब होने की सामर्थ्य है। मोटिवेशनल स्पीकर के तौर पर अपनी बात रखते हुए राजकीय महाविद्यालय पूगल के एसोसिएट प्रोफेसर एवं मोटिवेशनल स्पीकर मोहम्मद युसूफ निर्बाण ने कहा कि बच्चों के कॅरियर निर्माण में उनके माता-पिता और अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आपने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप जो कुछ बनोगे अपने बलबूते बनोगे।




कॅरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार में बच्चों को बेहतर कॅरियर के लिए मार्गदर्शन दिया।

